# इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, मंगलवार, 8 सितम्बर 2026

वर्ष 19 अंक 7 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12


किसी को माफ़ करना
कमजोरी नहीं वरन सामर्थ्यवान
ही ऐसा कर सकता है।
-महात्मा गाँधी

तापमान - अधिकतम 32.5°C (-0.6) न्यूनतम 25.5°C(-0.6) सेंसेक्स 76,132.81 (-382.62) निफ्टी 23,779.15 (-118.55) सोना 1,54,300 चांदी 2,50,000 मुद्रा - डालर 94.55 दिरहम 25.74 रियाल 25.21



# 'दीक्षारंभ-2026' में छात्रों को मिला करियर का रोडमैप

**एरा यूनिवर्सिटी में फार्मेसी छात्रों का नया बैच शुरू**

लखनऊ (सं)। कॉलेज में पहला दिन हर छात्र के लिए खास होता है। नई जगह, नए दोस्त और करियर को लेकर मन में कई सवाल। इन्हीं सवालों के जवाब देने और नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के माहौल से जोड़ने के लिए एरा यूनिवर्सिटी की फैकल्टी ऑफ फार्मेसी में सोमवार को 'दीक्षारंभ-2026' इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के बैचलर कोर्स में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ अनुशासन, जिम्मेदारी और भविष्य की तैयारी का महत्व समझाया गया।

फार्मेसी बिल्डिंग के एसटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली, नियम-कायदों और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम के मॉडल के तहत किया गया, जिसमें नए छात्रों के आपसी मेल-जोल और विश्वविद्यालय से जुड़ाव पर विशेष जोर रहा। इंडक्शन के बाद छात्रों के लिए ओरिएंटेशन और फाउंडेशन कक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के डीन प्रो. एस.एन.एस. फ्लोरा ने छात्रों को अनुशासन, निष्ठा और समर्पण को सफलता की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि करियर के शुरुआती दौर में मिलने वाले आकर्षण और ध्यान भटकाने वाली चीजों के कारण छात्रों को अपने लक्ष्य से दूर नहीं होना चाहिए। उन्होंने बेहतर अवसरों के लिए उच्च शिक्षा, मास्टर्स और शोध की संभावनाओं पर भी जोर दिया। फार्मेसी के प्रिंसिपल प्रो. मो. आसिफ ने छात्रों का स्वागत करते हुए विभिन्न पाठ्यक्रमों और फैकल्टी से जुड़े नियमों की जानकारी दी। परीक्षा के असिस्टेंट कंट्रोलर प्रो. शीबा रिजवी ने परीक्षा नीति और पैटर्न समझाया। असिस्टेंट प्रॉक्टर व डिप्टी रजिस्ट्रार प्रो. गजाला जैदी ने कैंपस अनुशासन और अच्छे व्यवहार के महत्व पर बात की। वहीं डिप्टी डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. तारिक महमूद ने विद्यार्थियों को एक्स्ट्रा-करिकुलर गतिविधियों और विभिन्न क्लबों की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को छात्र कल्याण कार्यालय के अधिकारियों से भी परिचित कराया। कार्यक्रम में डॉ. लाइबा रिंद, इंडक्शन-ओरिएंटेशन की चेयरपर्सन एवं इंग्लिश विभाग की प्रमुख डॉ. रूपाली मिर्जा के साथ फार्मेसी फैकल्टी के शिक्षक और कोऑर्डिनेटर भी मौजूद रहे।

